भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †4

उत्तर देने की तारीख 1 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

केआईसी के तहत लंबित प्रस्ताव

4. श्रीमती रुचि वीराः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार खेलो इंडिया योजना के तहत उत्तर प्रदेश के लंबित प्रस्ताव को मंजूरी देने का है, जिसमें आठ नए जिलों और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) में खेलो इंडिया केंद्रों की स्थापना शामिल है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्ताव को कब तक अनुमोदित किए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) : खेलो इंडिया स्कीम के तहत उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक-एक खेलो इंडिया केन्द्र (केआईसी) की स्थापना की गई है ताकि इस स्कीम के प्रति जिला - एक केंद्र के प्रावधान के अनुसार सभी जिलों को कवर किया जा सके है। इसका विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in पर उपलब्ध है। जहां तक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) का संबंध है, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के तहत धन की उपलब्धता के अधीन वित्तीय सहायता हेतु विचार किया जाता है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

*****